DAY — **09** SEAT NUMBER | | | | | | |

2025	VII	04	1100	J-401	(H)

ORGANISATION OF COMMERCE AND MANAGEMENT (51)

Time : 3 Hrs. **(7 Pages)** **Max. Marks : 80**

सूचना : *(१) सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है।*
(२) दाहिनी ओर के अंक प्रश्नों के पूर्णांक दर्शाते हैं।
(३) बायीं ओर के अंक प्रश्नों के क्रमांक दर्शाते हैं।
(४) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर नए पृष्ठ से आरंभ कीजिए।

प्र. १. **(अ)** निम्नलिखित संभावित पर्यायों में से उचित पर्याय चुनकर विधानों को पुनः पूर्णतः लिखिए : **[२०]** (५)

(१) नाशवान वस्तुएँ ———— में संग्रहित की जाती हैं।

(अ) करदेय गोदाम

(ब) शीत भंडारगृह

(क) सरकारी गोदाम

(२) जिस प्रक्रिया में व्यावसायिक कार्य/सेवा प्रदान करने का अनुबंध अन्य एजेंसियों से किया जाता है उस प्रक्रिया को ——— कहते हैं।

(अ) बाह्यस्त्रोतीकरण

(ब) व्यवसाय

(क) ई-व्यवसाय

(३) नीतिशास्त्र की अवधारणा की उत्पत्ति ________ शब्द से हुई है।

(अ) लैटिन

(ब) फ्रेंच

(क) ग्रीक

(४) ________ के हितों का संरक्षण करना उपभोक्ता संगठन का मुख्य हेतु है।

(अ) उपभोक्ता

(ब) व्यवसायी

(क) उत्पादक

(५) प्रबंध के कार्य ________ कार्य से प्रारंभ होते हैं।

(अ) संगठन

(ब) नियोजन

(क) समन्वय

(ब) निम्नलिखित विधानों के लिए एक शब्द, शब्द समूह, संज्ञा लिखिए। (५)

(१) कर्मचारियों के संगठनात्मक उद्‌देश्यों की प्राप्ति पर बल देने वाली क्रिया।

(२) एक व्यक्ति की ओर से दूसरे व्यक्ति की ओर कल्पना, तथ्यों, सूचना आदि का आदान-प्रदान करने की कला।

(३) इंटरनेट के माध्यम से किया जाने वाला व्यवहार / लेनदेन।

(४) स्वास्थ्य तथा जीवन को संरक्षण एवं सुरक्षा हेतु एक उपभोक्ता का अधिकार।

(५) किसी उत्पाद को विशिष्ट नाम देने की प्रक्रिया।

(क) निम्नलिखित विधान सही हैं या गलत, लिखिए : (५)

(१) व्यावसायिक नीतिशास्त्र एक आचार संहिता है।

(२) संगठनात्मक कार्य सुचारू रूप से पूरे करने के लिए सहयोग आवश्यक नहीं है।

(३) वायु परिवहन सबसे सस्ता परिवहन का साधन है।

(४) भारत में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की आवश्यकता नहीं है।

(५) विपणि शब्द की उत्पत्ति लैटिन भाषा के 'मर्केटस्' शब्द से हुई है।

(ड) गुट से बेमेल शब्द खोजिए : (५)

(१) अधिकार एवं दायित्व का सिद्धांत, गति अध्ययन, कार्य विभाजन का सिद्धांत, अनुशासन का सिद्धांत

(२) प्राथमिक सहकारी साख समिति, राज्य सहकारी बैंक, जिला सहकारी बैंक, विनिमय बैंक

(३) डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, आधार कार्ड, ए.टी.एम. कार्ड

(४) नौकरी की सुरक्षितता, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के साधन, कार्य स्थल की समुचित दशा, समुचित लाभ

(५) अंश विपणि, विदेशी विनिमय, स्वर्ण-रजत बाजार, उत्पादित वस्तु बाजार

प्र. २. **निम्नलिखित अवधारणा/ संज्ञा स्पष्ट कीजिए (कोई चार) :** **[८]**

(१) गति अध्ययन

(२) कर्मचारी प्रबंधन

(३) संग्रहण/भंडारगृह

(४) निर्देशन

(५) लोक अदालत

(६) परिवहन

प्र. ३. **निम्नलिखित प्रसंग / परिस्थिति का अध्ययन करके अपना मत स्पष्ट कीजिए (कोई दो) :** **[६]**

(१) श्री. अनिल एक व्यवसायी हैं, और उनके पुणे एवं नासिक में कारखाने हैं। श्री. अनिल अपने परिवार सहित पुणे में स्थायिक हैं, तथा उनकी ५ एवं ८ वर्ष की दो बेटियाँ हैं।

(अ) क्या श्री. अनिल उनकी पत्नी और दो बेटियों का जीवन बीमा करा सकते हैं?

(ब) क्या श्री. अनिल उनके कारखानों का सामुद्रिक बीमा करा सकते हैं?

(क) अग्नि के कारण कारखानों को होने वाली हानि की क्षतिपूर्ति के लिए श्री. अनिल कौन-से प्रकार का बीमा करा सकते हैं?

(२) श्री. सागर टायटन की दुकान से घड़ी खरीदते हैं और उनकी मित्र अंजली ऑनलाईन शॉपिंग साइट से घड़ी खरीदती हैं। इस स्थिति में -----

(अ) परंपरागत/व्यवसाय प्रणाली द्‌वारा कौन खरीदी करता है?

(ब) कौन-सी खरीदी ऑनलाईन प्रणाली से की जाती है?

(क) कौन-सी व्यवसाय प्रणाली में अधिक जोखिम है?

(३) बलवंत कंपनी लिमिटेड अपनी महिला कर्मचारियों को उनके छोटे शिशुओं के लिए पालनाघर एवं घर से ही कार्य करने की सुविधा प्रदान करती है। यद्यपि वे श्रमिक संगठन की सदस्य हैं फिर भी प्रबंध निर्णय करते समय उनके सुझावों को ध्यान में रखता है।

(अ) कंपनी इस कार्य द्‌वारा कौन-से वर्ग/समूह के प्रति सामाजिक दायित्व का निर्वाह करती है?

(ब) कंपनी द्‌वारा उनके कर्मचारियों को दी जाने वाली कोई एक सुविधा लिखिए।

(क) उपरोक्त प्रसंग में स्वामी कौन-कौन से प्रकार के दायित्वों का अनुसरण (निर्वाह) करता है?

प्र. ४. निम्नलिखित में अंतर स्पष्ट कीजिए (कोई तीन) : [१२]

(१) नियोजन एवं संगठन

(२) जीवन बीमा एवं अग्नि बीमा

(३) ई-वाणिज्य एवं ई-व्यवसाय

(४) जिला आयोग एवं राज्य आयोग

प्र. ५. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर लिखिए (कोई दो) : **[८]**

(१) उपभोक्ता संरक्षण की कोई भी चार आवश्यकताएँ लिखिए।

(२) क्षेत्र के आधार पर तथा व्यवहार के आकार के आधार पर विपणि/बाजार के प्रकार स्पष्ट कीजिए।

(३) गोदाम के कोई चार कार्य स्पष्ट कीजिए।

प्र. ६. निम्नलिखित विधान कारण सहित स्पष्ट कीजिए (कोई दो) : **[८]**

(१) प्रबंध के सिद्धांत लोचदार होते हैं।

(२) नियंत्रण यह प्रबंध का अंतिम कार्य है।

(३) सामाजिक विकास में, व्यवसाय नीतिशास्त्र महत्त्वपूर्ण तंत्र माना जाता है।

(४) उपभोक्ताओं/ग्राहकों के अनेक दायित्व होते हैं।

प्र. ७. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई दो) : **[१०]**

(१) हेनरी फेयॉल के प्रबंध के कोई भी पाँच सिद्धांत स्पष्ट कीजिए।

(२) उद्यमी की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

(३) विपणन का समाज के प्रति महत्त्व स्पष्ट कीजिए।

प्र. ८. **निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लिखिए (कोई <u>एक</u>) :** **[८]**

(१) विपणन मिश्रण का अर्थ स्पष्ट कीजिए। विपणन मिश्र के सात **P** स्पष्ट कीजिए।

(२) बैंक का अर्थ लिखकर बैंक के विभिन्न प्रकार स्पष्ट कीजिए।

◆◆◆